पत्र संख्या–वनभूमि–25 / 2015–            व0प0

झारखण्ड सरकार

**वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग**

प्रेषक

**सुनील कुमार,**
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

**प्रधान मुख्य वन संरक्षक,**
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांक–

**विषय :– देवघर वन प्रमंडल अंतर्गत पुनासी जलाशय योजना हेतु कुल–291.17 हे0 वनभूमि अपयोजन के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषयक सहायक वन महानिरीक्षक (एफ0सी0), भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, नई दिल्ली के पत्रांक–8-06/2016-FC दिनांक–12.07.2017 द्वारा विषयक परियोजना को प्रदत्त स्टेज–II की स्वीकृति में लगाये गये शर्तों का आपके पत्रांक–3674 दिनांक–18.08.2017 से प्राप्त अनुपालन प्रतिवेदन की सम्यक समीक्षोपरांत राज्य सरकार के निर्णयानुसार विषयक परियोजना में सन्निहित कुल–254.68 हे0 अधिसूचित वनभूमि को विमुक्त किया जाता है। अवशेष 36.49 हे0 जंगल–झाड़ी भूमि का हस्तांतरण राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1076 / रा0 दिनांक–16.04.2010 के अनुसार राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के द्वारा किया जाना है।

कृपया सरकार के निर्णय का अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

विश्वासभाजन
ह0 / –
(सुनील कुमार)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–वनभूमि–25 / 2015–            व0प0, राँची दिनांक–

प्रतिलिपि–सहायक वन महानिरीक्षक (एफ0सी0), भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, इन्दिरा पर्यावरण भवन, अलीगंज, जोरबाग रोड, नई दिल्ली–110003 / अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (केन्द्रीय), भारत सरकार, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, क्षेत्रीय कार्यालय, बंगला नं0–A-2, श्यामली कॉलोनी, राँची, झारखण्ड–834002 को अनुलग्नक के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनु0–यथोक्त।

ह0 / –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–वनभूमि–25 / 2015–            व0प0, राँची दिनांक–

प्रतिलिपि–सचिव, राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची को विषयक परियोजना हेतु भारत सरकार द्वारा प्रदत्त स्टेज–II की स्वीकृति संबंधी पत्र की छायाप्रति के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। अनुरोध है कि विषयक प्रस्ताव में सन्निहित 36.49 हे0 जंगल–झाड़ी भूमि के हस्तांतरण हेतु नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

अनु0–यथोक्त।

ह0 / –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–वनभूमि–25 / 2015–            व0प0, राँची दिनांक–

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव, जल संसाधन विभाग, झारखण्ड, राँची को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–वनभूमि–25 / 2015–            व0प0, राँची दिनांक–

प्रतिलिपि–प्रधान मुख्य वन संरक्षक–सह–कार्यकारी निदेशक, बंजर भूमि विकास बोर्ड, झारखण्ड, राँची / क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, संथाल परगना, दुमका / वन संरक्षक, प्रादेशिक अंचल, देवघर / वन प्रमंडल पदाधिकारी, देवघर / कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमंडल, जसीडीह को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–वनभूमि–25 / 2015– 3652            व0प0, राँची दिनांक– 01/09/17

प्रतिलिपि–मुख्य वन संरक्षक, वनरोपण, शोध एवं मूल्यांकन अंचल, राँची को विभागीय Website **"forestjharkhand.gov.in"** पर Upload करने हेतु प्रेषित।

31/8/17
सरकार के उप सचिव

E/16-वनभूमि LETTER-308